



हिन्दी दैनिक

Log on : www.adbhutsamachar.com

# अद्भुत समाचार

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष –09 अंक–226 | RNI-No. : UPHIN/2011/43806 | लखनऊ, गुरुवार, 16 जुलाई 2020 | प्रातः कालीन संस्करण | (हिन्दी दैनिक) | पृष्ठ–8 | मूल्य 1 रुपया

## कोरोना अपडेट

**9,36,181** देश में कुल संक्रमित

**24,309** मौतें हुईं संक्रमण से देश में

**5,92,032** लोग स्वस्थ हुए अब तक

**41,382** लोग संक्रमित हैं उप्र में

**1012** लोगों की मौत हुई अब तक

**25,743** संक्रमित हुए ठीक अब तक

# 10वीं में भी लड़कियां लड़कों से आगे

## सीबीएसई 78.95 प्रतिशत रहा किन्नरों का परिणाम, 12वीं की परीक्षा में भी लड़कियां रहीं थी शीर्ष पर

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की दसवीं बोर्ड की परीक्षा में एक बार फिर लड़कियों ने बाजी मार ली है और किन्नरों का परिणाम 78.95 प्रतिशत रहा। बारहवीं की परीक्षा में भी लड़कियों ने बाजी मारी थी। बारहवीं के बोर्ड की तरह दसवीं बोर्ड में भी तिरुवनंतपुरम क्षेत्र देश में सबसे टॉप पर रहा ।

सीबीएसई द्वारा बुधवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस वर्ष 5,377 परीक्षा केंद्रों पर 20,387 स्कूलों में एक करोड़ 87 लाख 315 छात्रों ने परीक्षा दी जिसमें 91.46 प्रतिशत छात्र पास हुए और पिछले साल की तुलना में इस वर्ष 0.36 प्रतिशत अधिक रिजल्ट हुआ । इस वर्ष 93.31 प्रतिशत लड़कियों ने पास किया जबकि लड़कों का प्रतिशत 90.14 प्रतिशत रहा। इस तरह इस साल 3.17 फीसदी अधिक लड़कियों ने पास किया।

तिरुवनंतपुरम क्षेत्र 99.28 प्रतिशत रिजल्ट के साथ सबसे आगे रहा। गुवाहाटी में सबसे कम 79.12 प्रतिशत परिणाम रहा। देश के स्कूलों में केंद्रीय विद्यालय संगठन 99.23 प्रतिशत रिजल्ट के साथ सबसे टॉप पर हैं जबकि जवाहर नवोदय विद्यालय 98.66 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर और सरकारी स्कूल 80.91 प्रतिशत के साथ पांचवें स्थान पर और सरकारी अनुदान प्राप्त स्कूल 77.82 प्रतिशत के साथ छठे स्थान पर रहे। इस साल 18 लाख 4358 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक पाये जबकि 95 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले 41,804 छात्र हैं। इस तरह पिछले साल के मुकाबले उनकी संख्या घटी है। विज्ञप्ति के अनुसार राजधानी में पूर्वी दिल्ली क्षेत्र का रिजल्ट 85.79 प्रतिशत रहा जबकि दिल्ली पश्चिमी क्षेत्र का रिजल्ट 85.96 प्रतिशत रहा।



बुधवार को सीबीएसई 10वीं की परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ। इस दौरान अव्वल आने वाले छात्राओं की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। मुरादाबाद के सेंट मैरी स्कूल के विद्यार्थियों ने कुछ इस तरह खुशी का इजहार किया। ● राजेश राजा

### अभिषेक यादव और यशस्वी ने लखनऊ में पाया पहला स्थान

लखनऊ। सीबीएसई ने बुधवार को दसवीं के नतीजे जारी दिए हैं। लखनऊ पब्लिक स्कूल साउथ सिटी शाखा की यशस्वी चौधरी और रानी लक्ष्मीबाई सीनियर सेंकडरी स्कूल के छात्र अभिषेक यादव को 98 .4 प्रतिशत अंक के साथ पहला स्थान हासिल किया है। वहीं दूसरे स्थान पर आरएलबी के आयुष सिंह और लखनऊ पब्लिक कॉलेजेज की छात्रा सारा सिंह ने 98 .2 प्रतिशत अंक हासिल कर शहर में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।





### केंद्रीय विद्यालय के टॉपर अभय ने हासिल किए 99.4 प्रतिशत अंक

नई दिल्ली। केंद्रीय विद्यालय के छात्र अभय नायक ने 10वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 99 .4 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। इसके साथ ही अभय नायक केंद्रीय विद्यालय के ऑल इंडिया टॉपर घोषित किए गए हैं। 15 वर्षीय अभय नायक ओडिशा में संबलपुर के केंद्रीय विद्यालय में पढ़ते हैं। सीबीएसई द्वारा ली गई 10वीं की बोर्ड की परीक्षाओं में अभय नायक ने 500 में से 497 अंक हासिल किए। इसके साथ ही अभय नायक ने 10वीं के परीक्षा परिणामों में इस वर्ष का कीर्तिमान स्थापित किया है। वह सभी 1168 केंद्रीय विद्यालयों में टॉप पर हैं। स्कूलों के कीर्तिमान में भी केंद्रीय विद्यालय ने बाजी मारी है।

### रामपुर की अरीशा ने हासिल किया प्रदेश में पहला स्थान

अमृत विचार, रामपुर। ग्रीनवुड सीनियर सेकेंड्री स्कूल की अरीशा खान ने सीबीएसई हाईस्कूल के परीक्षाफल में यूपी में पहला स्थान पाया है। उनके साथ ही ब्लूमिंग डेल स्कूल श्यामनगर बदायूं की संस्कृति गुप्ता और एसडी पब्लिक स्कूल मुजफ्फरनगर की आदित्या ने भी प्रथम स्थान प्राप्त किया है। तीनों यूपी टापर्स ने 500 में से 497 समान अंक प्राप्त किए हैं। रामपुर की अरीशा खान यूपी में प्रथम स्थान पाकर बेहद खुश हैं। स्कूल प्रबंधक शाहिद खां ने अमृत विचार से बातचीत में बताया कि यह रामपुर के लिए गर्व की बात है। रामपुर की बेटी ने देश में नाम रोशन किया है। कहा कि हाईस्कूल की यह विद्यार्थी होनहार है और इसका भविष्य सुनहरा है। प्रधानाचार्य नीरज तिवारी ने कहा कि यह स्कूल और रामपुर के लिए फख्र की बात है। ग्रीनवुड स्कूल की छात्रा ने यूपी टॉप किया है।



## एक नजर

### बुलंदशहर में दो शिक्षिकाओं के दस्तावेज मिले फर्जी

बुलंदशहर। जिले में लम्बे समय से अनुपस्थित चल रही दो शिक्षिकाओं के दस्तावेज फर्जी निकले हैं। अब इन दोनों शिक्षिकाओं पर शिकंजा कसने की तैयारी है। बेसिक शिक्षा अधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने बुधवार को कहा कि लखावटी और खुर्जा स्थित विद्यालयों से दो शिक्षिकाएं पिछले काफी समय से बिना बताए अनुपस्थित चल रही हैं। जब इनकी जांच की गई तो दोनों शिक्षिकाओं के 10वीं और 12वीं के शैक्षिक दस्तावेज फर्जी निकले।

### जौनपुर में तालाब में नहाते समय दो भाइयों समेत चार डूबे

जौनपुर। सुजानगंज क्षेत्र में बुधवार को तालाब में नहाने गए चार बच्चे डूब गए, जिससे दो सगे भाईयों की मृत्यु हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से बीमार हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सुजानगंज क्षेत्र के भीलमपुर गांव निवासी चार बच्चे पास के तालाब में नहाने गये थे। स्नान समय चारों गहरे पानी में चले जाने से डूबने लगे। आसपास मौजूद लोगों द्वारा शोर मचाने पर गांव के लोग पहुंचे और चारों को बाहर निकाला। इस दौरान आनन-फानन में परिजन प्रतापगढ़ के सीएचसी गौरा अस्पताल ले गए। जहां डाक्टरों ने दो सगे भाइयों युवराज सिंह (13) तथा उमंग सिंह (10) को मृत घोषित कर दिया।

### विकास दूबे मामले में पैरवी के लिए अधिवक्ता नियुक्त

लखनऊ। सर्वोच्च न्यायालय में विकास दूबे व उसके साथियों के एनकाउंटर से सम्बंधित पीआईएल पर राज्य सरकार का पक्ष रखने के लिए अधिवक्ता एसएन तिलहरी को नियुक्त किया गया है। एसएन तिलहरी वर्तमान में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में अपर शासकीय अधिवक्ता, प्रथम के तौर पर आपराधिक मामलों में राज्य सरकार का पक्ष रखते हैं।

# मेजबानी छोड़ घर लौट आएं पायलट

## कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने की अपील

जयपुर, एजेंसी

राजस्थान में जारी सियासी घमासान के बीच कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि चुनाव हारने के बाद भी सचिन पायलट को राजस्थान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। जितना प्रोत्साहन सचिन पायलट को मिला, उतरा किसी भी दल में किसी को नहीं मिला है।

सुरजेवाला ने कहा कि हमने मीडिया के जरिए सचिन पायलट का बयान सुना कि वह बीजेपी में नहीं जाना चाहते। तो मैं उनको कहूंगा कि अगर ऐसा है तो हरियाणा में बीजेपी की सरकार की मेजबानी से वापस आइए। बीजेपी के किसी भी नेता से वार्तालाप बंद कर दीजिए। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि मैं सचिन पायलट से फिर कहूंगा कि सबकुछ भूलकर परिवार के सदस्य की तरह जयपुर अपने घर वापस लौटिए। अपने परिवार में वापस आइए, बैठिए और अपनी बात रखिए।

### सचिन कर रहे थे सरकार गिराने की डील : गहलोत

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को सचिन पायलट और उनके समर्थकों की बगावत को लेकर बुधवार को जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने मीडिया के सामने कहा कि 20 करोड़ का सौदा किया जा रहा था। उनके पास साक्ष्य हैं। वो षडयंत्र का हिस्सा थे, सचिन पायलट ही लीड कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अच्छी अंग्रेजी बोलना, स्माइल देना ये काफी नहीं है। देश में हॉर्स ट्रेडिंग हो रही है, ये देश का बर्बाद करेंगे? क्या मीडिया को दिखता नहीं है क्या? इस मौके पर उन्होंने कुछ मीडिया के लोगों की भी आलोचना की।



### पार्टी के दरवाजे सचिन के लिए खुले : अविनाश पांडे

जयपुर। राजस्थान के सियासी संकट के बीच दिल्ली से राजस्थान आए अविनाश पांडे ने कहा कि सचिन पायलट के लिए पार्टी के दरवाजे अभी खुले हुए हैं। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा है कि पायलट के लिए पार्टी के दरवाजे बंद नहीं हुए हैं, भगवान उनको बुद्धि दे और उन्हें उनकी गलती समझ आए। मेरी प्रार्थना है भाजपा के मायावी जाल से वो बाहर निकल आए।

### मोदी ने केदारनाथ धाम के विकास कार्यों की समीक्षा की

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड में हिमालय स्थित केदारनाथ धाम में चल रहे विकास कार्यों की बुधवार को समीक्षा की।



आधिकारिक सूत्रों के अनुसार समीक्षा के दौरान केदारनाथ मंदिर और जगद्गुरु आदि शंकराचार्य की समाधि स्थल की दिव्यता को और बढ़ाने तथा परिसर में स्वच्छता बनाए रखने और उसका विकास सुनिश्चित करने के लिए विचार-विमर्श किया गया।

# कोरोना के 29,429 मामले और बढ़े

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में कोरोना संक्रमण के दिनों दिन बढ़ते प्रकोप के बीच पिछले 24 घंटों के दौरान अब तक के सर्वाधिक 29 हजार से अधिक नए मामले सामने आये हैं जिससे संक्रमितों का आंकड़ा 9.36 लाख के पार पहुंच गया है हालांकि राहत की बात यह है कि इस दौरान 20 हजार से अधिक रोगी स्वस्थ भी हुए हैं।



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक देश भर में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण के 29,429 नए मामले सामने आए हैं जिससे संक्रमितों की संख्या 9,36,181 हो गई है। इससे पहले तीन दिन तक लगातार 28 हजार से अधिक मामले सामने आए थे। पिछले 24 घंटों के दौरान 582 लोगों की मौत होने से मृतकों की संख्या 24,309 हो गई है। संक्रमण के तेजी से बढ़ रहे मामलों के बीच राहत की बात यह है कि इससे स्वस्थ होने वालों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है और पिछले 24 घंटों के दौरान 20,572 से अधिक रोगी स्वस्थ हुए हैं जिन्हें मिलाकर अब तक कुल 5,92,032 रोगमुक्त हो चुके हैं।

### प्रदेश में संक्रमितों की संख्या 41382 पहुंची

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में कोरोना संक्रमितों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। बुधवार को 24 घंटे में 1685 नए केस आए। वहीं कोरोना संक्रमितों की संख्या 41382 हो गई है। वहीं इस महामारी की चपेट में आकर जान गंवाने वालों की संख्या 1012 हो गई है। बुधवार को प्रदेश के प्रमुख स्वास्थ्य सचिव अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि 25 हजार 743 लोग इलाज के बाद ठीक होकर घर वापस जा चुके हैं। मौजूदा समय में यूपी में कोरोना के 14 हजार 628 सक्रिय मामले हैं, जिनका अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि अभी तक इस बीमारी के कारण 1012 लोगों की मौत हो चुकी है।



हैदराबाद में पिछले कई दिनों से लगातार बारिश हो रही है। बुधवार को उस्मानिया जनरल अस्पताल के वाई में भरा पानी। ● एजेंसी

### राजनाथ सिंह जाएंगे लद्दाख सैनिकों से मुलाकात करेंगे

नई दिल्ली। चीन के साथ जारी मौजूदा तनाव के बीच, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह पूर्वी लद्दाख क्षेत्र का दौरा करेंगे और तनावपूर्ण सीमा क्षेत्र में तैनात जवानों से बातचीत करेंगे।

राजनाथ 17 जुलाई को दिल्ली से लेह जाएंगे और 15 जून को चीनी पीएलए के सैनिकों के साथ संघर्ष में घायल हुए जवानों से भी वार्ता करेंगे। इस हमले में भारत के 20 जवान शहीद हो गए थे और चीनी सैनिक भी हताहत हुए थे, लेकिन उनकी वास्तविक संख्या का पता नहीं चला है। सिंह उन अग्रिम चौकियों का भी दौरा करेंगे, जहां भारतीय सैनिक तैनात हैं।

समझौता | दोनों कंपनियां मिलकर भारत में सस्ता स्मार्टफोन विकसित करेंगी, जियो ने स्वदेशी 5जी तकनीक की विकसित, अगले साल होगी लांच


# रिलायंस जियो में 34 हजार करोड़ का निवेश करेगा गूगल

नई दिल्ली

गूगल रिलायंस इंडस्ट्रीज के जियो प्लेटफार्म में 33, 737 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। इसी के साथ भारत सरकार की डिजिटल इंडिया की मुहिम को समर्थन देने के लिए दोनों कंपनियां मिलकर भारतीय उपभोक्ताओं के लिए एक एंट्री लेवल के किफायती 4जी और 5जी स्मार्टफोन विकसित करेंगी।

रिलायंस ने स्वदेशी स्तर पर एक संपूर्ण 5जी समाधान भी हासिल करने की घोषणा भी की है, जिसे अगले वर्ष लांच किया जाएगा। जियो खुद की बौद्धिक संपदा भी तैयार करेगा। रिलायंस इंडस्ट्रीज की ओर से चेयरमैन व एमडी मुकेश अंबानी ने कंपनी की 43 वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में बुधवार को गूगल के साथ सौदे का ऐलान किया गया। इस निवेश के साथ गूगल की जियो प्लेटफार्म में 7.73 फीसद की हिस्सेदार हो जाएगी। जबकि इससे रिलायंस इंडस्ट्रीज के जियो प्लेटफार्म की कुल इक्विटी वैल्यू बढ़कर 4.36 लाख करोड़ रुपये के बराबर हो जाएगी। साथ ही गूगल के इस निवेश को मिलाकर जियो प्लेटफार्म में वित्तीय संस्थाओं तथा रणनीतिक निवेशकों का कुल निवेश 1,52,056 करोड़ रुपये हो जाएगा। इन निवेशकों में फेसबुक, इंटेल, क्वालकॉम तथा गूगल जैसी विश्व की दिग्गज कंपनियां शामिल हैं।

### रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने जताई खुशी



### गूगल की पहल से अर्थव्यवस्था होगी मजबूत

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने सौदे पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि गूगल ने भारत में इंटरनेट की पहुंच और ताकत को बढ़ाकर अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसलिए इस साझेदारी से रिलायंस ही नहीं देश को लाभ होगा। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजटल विजन का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि इसी के साथ रिलायंस जियो में राइट्स इश्यू और बीपी को मिलाकर कुल 2,12,809 करोड़ का निवेश हो चुका है। भारत के सबसे और विश्व के छठे सबसे बड़े अमीर अंबानी ने कहा कि अगले तीन सालों में उन्हें जियो के 50 करोड़ ग्राहक हो जाने की उम्मीद है। उन्होंने रिटेल व्यवसाय के तहत जियो ग्लास, जियो टीवी के अलावा हेल्थकेयर और शिक्षा संबन्धी ऐप लांच करने का ऐलान किया। इसमें जियो ग्लास 25 एप्लीकेशन को सपोर्ट करेगा। मुकेश ने कहा उनका इरादा देश के उत्पादकों, ग्राहकों तथा किराना दुकानदारों को आपस में जोड़ने का है। उन्होंने स्टार्टअप कंपनियों को जियो के साथ काम करने के लिए आमंत्रित किया। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई का कहना था कि रिलायंस इंडस्ट्रीज खासकर जियो ने भारत के डिजिटलीकरण की दिशा में बड़ा काम किया है। उसके साथ मिलकर काम करने से हमें भारत के अलावा अन्य देशों के लिए बेहतर उत्पाद विकसित करने में मदद मिलेगी।

### डिजीटलीकरण अभियान को मिलेगी नई रफ्तार

गूगल और रिलायंस जियो का ये गठजोड़ भारत के डिजिटलीकरण अभियान को नई रफ्तार देगा और इससे देश के मौजूदा 50 करोड़ इंटरनेट ग्राहकों की संख्या को बढ़ाने तथा इंटरनेट की पहुंच सभी 130 करोड़ देशवासियों तक सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। दोनों कंपनियों द्वारा विकसित किया जाने वाला सस्ता स्मार्टफोन इसमें विशेष रूप से सहायक साबित होगा जिसे एंड्रॉयड ऑपरेटिंग सिस्टम और प्ले स्टोर की ताकत मिलेगी। वैसे तो जियो अब तक 10 करोड़ से ज्यादा जियो फोन देश में बेच चुकी है। लेकिन ये आम आदमी के लिहाज से महंगे हैं।

# 31 तक पूर्ण लाकडाउन सरकार ने किया खारिज

लखनऊ

प्रदेश में आगामी 31 जुलाई तक पूर्णरूप से लगाई जा रही लाकडाउन की अटकलों को सरकार ने खारिज कर दिया है। प्रदेश सरकार ने कहा है कि फिलहाल 31 तक लाकडाउन की कोई योजना नहीं है। सिर्फ वीकेंड पर लाकडाउन ही लागू रहेगा।

बता दें कि बुधवार को सरकार के हवाले से सोशल मीडिया पर एक मैसेज वायरल हुआ, जिसमे कहा गया मुख्यमंत्री आगामी 31 जुलाई तक लाकडाउन की घोषणा कर सकते हैं। इस दौरान आवश्यक सेवाओं में लोगों को रियायत मिल सकती है।

इस तरह के वायरल मैसेज पर प्रदेश सरकार की ओर से अपर मुख्य सचिव सूचना अवनीश अवस्थी ने पत्रकारों से बातचीत में पक्ष रखा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से उप्र में लाकडाउन का कोई नया आदेश जारी नहीं किया जा रहा है। प्रदेश में शनिवार व रविवार को लाकडाउन करने का पूर्व में जारी आदेश ही लागू रहेगा, जो शुक्रवार रात 10 बजे से सोमवार सुबह पांच बजे तक लागू रहेगा। इस अवधि में सभी शहरी व ग्रामीण हाट, बाजार, गल्ला मंडी, व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे।

**अफवाह**

- अपर मुख्य सचिव सूचना बोले-सिर्फ सप्ताहांत लाकडाउन रहेगा लागू
- सोशल मीडिया पर 31 जुलाई तक लाकडाउन की थी चर्चा